हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

11 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव 27 से



12 चार अतिक्रमणकारियों को दिया नोटिस, दो का हटाया...



# आज से एचबीएसई की परीक्षा : 52 परीक्षा सेंटर, 10वीं के 7878 और 12वीं के 7759 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

जिले के नारनौल उपमंडल में 29, महेंद्रगढ़ में 24 और कनीना में 9 परीक्षा सेंटर बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं आज बुधवार से शुरू होंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा में 15 हजार 637 विद्यार्थियों की भागीदारी रहेगी। इनमें कक्षा 10वीं के 7878 और 12वीं के 7759 विद्यार्थी शामिल है।

परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे के बीच होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। बोर्ड द्वारा जारी डेटशीट अनुसार 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च तक और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं दो अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में जहां उत्साह है, वहीं शिक्षा विभाग ने भी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए जिले में 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सबसे अधिक नारनौल डिवीजन में 29, महेंद्रगढ़ में 24 व कनीना में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर अधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। विभाग द्वारा 15 से अधिक फ्लाइंग टीमें भी गठित की गई हैं, ताकि नकल जैसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जा सके।

### छात्रों में आत्मविश्वास सकारात्मक दृष्टिकोण अति महत्वपूर्ण



*सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करना एकाग्रता, आत्मविश्वास और बेहतर परिणाम की कुंजी है। मैं नहीं कर सकता के बजाय मैं कर सकता हूं का उपयोग करें। विद्यार्थी अपनी खूबियों को पहचानें, छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा करके जश्न मनाएं और पढ़ाई के बीच में छोटे ब्रेक जरूर लें। जब मन में डर या नकारात्मकता आए, तो उसे चुनौती दें और सोचें कि आप इसे कैसे हल कर सकते हैं। आपका आत्मविश्वास सकारात्मक सोच से और अधिक मजबूत होगा और आपको सफलता के शिखर तक पहुंचने में आपकी मदद करेगा। खुद को कहें कि यह विषय कठिन लग सकता है, लेकिन मैं इसे समझ सकता हूं। मैं इस विषय को और अधिक विस्तृत और गहराई से समझ सकता हूं। मैं इस विषय में परीक्षा में सफल होने के लिए बहुत बेहतर कर सकता हूं और अपने आप को सफलता की ऊंचाई पर पहुंचा सकता हूं।*

*-डॉ. एम आर यादव प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डैरोली अहीर, नारनौल*

### प्रश्न पत्रों की फोटो लेते ही लग जाएगा बोर्ड को पता

प्रश्न पत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यू आर कोड और हिडन सिक्योरिटी फीचर भी अंकित किए गए हैं। इससे यदि कोई परीक्षार्थी, पर्यवेक्षक, कर्मचारी व अन्य कोई व्यक्ति प्रश्न पत्र की फोटो लेता है तो तुरंत पता लग जाएगा कि प्रश्न पत्र किस परीक्षार्थी का है एवं कहां से आउट हुआ है, जिससे परीक्षाओं के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सकेगी।

### कक्षा 10वीं की डेटशीट

| तिथि | विषय |
|---|---|
| 26 फरवरी | गणित (स्टैंडर्ड/बेसिक) |
| 28 फरवरी | हिंदी |
| 5 मार्च | अंग्रेजी |
| 7 मार्च | संस्कृत/उर्दू/ गृह विज्ञान/चित्रकला/ कृषि/कंप्यूटर/संगीत |
| 12 मार्च | विज्ञान |
| 16 मार्च | सामाजिक विज्ञान |
| 18 मार्च | अंग्रेजी (एकेडमिक)/आईटी |
| 20 मार्च | एनएसक्यूएफ व्यावसायिक विषय |

### कक्षा 12वीं की डेटशीट

| तिथि | विषय |
|---|---|
| 25 फरवरी | अंग्रेजी कोर/ अंग्रेजी इलेक्ट्रिव |
| 27 फरवरी | राजनीति विज्ञान |
| 2 मार्च | भौतिक विज्ञान/ अर्थशास्त्र |
| 3 मार्च | शारीरिक शिक्षा |
| 6 मार्च | इतिहास/ जीव विज्ञान |
| 9 मार्च | रसायन विज्ञान/ लेखा/लोक प्रशासन |
| 11 मार्च | कंप्यूटर विज्ञान |
| 12 मार्च | कृषि/दर्शनशास्त्र |
| 13 मार्च | समाजशास्त्र/उद्यमिता |
| 17 मार्च | गणित |
| 18 मार्च | संस्कृत/उर्दू |
| 19 मार्च | गृह विज्ञान |
| 20 मार्च | सैन्य विज्ञान/ नृत्य/मनोविज्ञान |
| 24 मार्च | हिंदी कोर/ हिंदी इलेक्ट्रिव |
| 25 मार्च | ललित कला |
| 27 मार्च | भूगोल |
| 28 मार्च | संगीत/ व्यवसाय अध्ययन |
| 30 मार्च | पंजाबी/संस्कृत साहित्य |
| 1 अप्रैल | एनएसक्यूएफ/ संस्कृत व्याकरण |

## खबर संक्षेप

### सर्व समाज जागरूकता मंच की बैठक आज

**मंडी अटेली।** सर्व समाज जागरूकता मंच की आवश्यक बैठक 25 फरवरी को अटेली मंडी के हनुमान मंदिर में होगी। यह जानकारी देते हुए मंच के संरक्षक प्राचार्य डॉ. सत्यबीर यादव व उपाध्यक्ष मास्टर रामसिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा। सर्व समाज क्षेत्र में अभियान जागरूकता अभियान चलाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है।

### एक मार्च को बैठक करेगा धानक समाज

**महेंद्रगढ़।** धानक समाज धर्मशाला व अम्बेडकर छात्रावास के प्रस्तावित निर्माण कार्य के मद्देनजर एक मार्च को महेंद्रगढ़ की आईटीआई के समीप यादव धर्मशाला में विशाल बैठक का आयोजन किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधि एवं बीएसएनएल के पूर्व डीजीएम महेंद्र सिंह खन्ना ने बताया कि इस मीटिंग में प्रस्तावित निर्माण कार्य को तकनीकी स्वरूप प्रदान करने हेतु, स्थानीय नगर पालिका महेंद्रगढ़ द्वारा सम्बंधित प्रकिया एवं प्रशासनिक बिंदुओं के निष्पादन पर विचार-विमर्श किया जाना है।

### नियामतपुर-मौरूंड में कृषि मेला आज

**नांगल चौधरी।** नियामतपुर-मौरूंड में 25 फरवरी को जिला स्तरीय कृषि मेला का शुभारंभ एसडीएम उमेद सिंह करेंगे। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी सरकार द्वारा क्रियाविंत योजनाओं से किसानों को अवगत कराया जाएगा। किसानों को जलपान कराने के बाद आधुनिक संसाधनों से रूबरू कराया जाएगा। कृषि विभाग के बीएओ डॉ हरीश यादव ने बताया कि कृषि मेले में किसानों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पशुपालन, हैफेड, बैंकिंग, बागवानी, केवीके विभाग के विशेषज्ञ किसानों को उत्पादन बढ़ाने की तकनीक का प्रशिक्षण देंगे।

## पहाड़ के नजदीकी ग्रामीणों में दहशत का माहौल बरकरार

# 48 घंटे से पिंजरे में तेंदुआ कैद होने का हो रहा इंतजार

*मवेशियों की सुरक्षा से चिंतित पशुपालक रातभर जागने को मजबूर युवाओं ने मॉर्निंग वॉक करना किया बंद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

दत्ताल के अरावली पहाड़ में तेंदुआ और ग्रामीणों में आंख मिचौली के खेल जैसी स्थिति बनी हुई है। एकबार दिखाई देने के बाद महीने भर तक तेंदुए की मूवमेंट नहीं होती, जिस कारण ग्रामीणों में भय का माहौल होने के साथ वायरल वीडियो की सत्यता पर संदेह बना हुआ है। क्लिप की सही पुष्टि होने पर जीव-जंतु विभाग ने बुस्टिंग स्टेशन पर पिंजरा रखा था, जिसे 48 घंटे से अधिक समय बीत गया, लेकिन अभी तक पिंजरे में ना तो तेंदुआ कैद हुआ और ना ही ग्रामीणों ने कहीं देखा है। ऐसे में विभाग और ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

आपको बता दें कि जनवरी महीने में दत्ताल के पहाड़ से छारदड़ा जाने वाले रास्ते पर तेंदुआ के टहलने की वीडियो वायरल हुई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने सर्च अभियान चलाया। 24 घंटे तक सफलता नहीं मिलने पर अधिकारी वापस लौट गए। इसके अगली देर रात ग्रामीणों ने नोलपुर-दत्ताल के रास्ते पर हिंसक जानवर को देखा, अलसुबह मार्निंग वॉक करने वाले युवाओं ने स्कूल के पीछे तेंदुआ होने की पुष्टि की। शिकायत मिलने पर जीव-जंतु विभाग और फोरेस्ट विभाग की संयुक्त टीम दुबारा दत्ताल पहुंची तथा पगमार्क तलाशे। कंकरीली जमीन होने के कारण पगमार्क खोजना संभव नहीं हुआ तथा विभागीय टीम खाली हाथ वापस लौट गई। अगले ही दिन ग्रामीणों ने एससी बस्ती के एक खंडहर मकान में तेंदुआ के पगमार्क होने की सूचना विभाग को दी, लेकिन टीम ने स्पष्ट पुष्टि नहीं की। लेकिन रविवार की देर रात दत्ताल बस स्टैंड के पास तेंदुआ टहलने की दूसरी वीडियो वायरल हुई। सूचना मिलने ही सोमवार की सुबह विभागीय टीम मौके पर पहुंची। जिसने पगमार्क तेंदुए के होने की पुष्टि कर दी।



नांगल चौधरी। बुस्टिंग स्टेशन पर रखे खली पिंजरे को दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सरसों व बुस्टिंग स्टेशन के आसपास सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान सरसों में कुत्तों के कंकाल मिले। ग्रामीणों ने आशंका जताई की बुस्टिंग स्टेशन के आसपास सैकड़ों कुत्तों का जमावड़ा था, अब दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने संभावना जताई कि तेंदुए ने कुत्तों को ही शिकार बनाया है जिनके कंकाल सरसों में पड़े हुए हैं। जीव-जंतु विभाग ने आनन-फानन में पिंजरे का प्रबंध करके बुस्टिंग स्टेशन पर रखवा दिया।

तर्क दिया कि हिंसक जानवर पानी की तलाश में यहां जरूर आएगा। पिंजरे में बंद जानवर को मारने के लालच में कैद हो जाएगा। लेकिन 48 घंटे बाद भी पिंजरा खाली है। विभागीय कर्मचारी पहाड़ पर नजर गड़ाए हुए हैं। उन्हें अभी तक ना तो तेंदुए की मूवमेंट दिखाई दी और ना ही ग्रामीणों ने को शिकायत दर्ज कराई है। ऐसे में दत्ताल के पहाड़ में हिंसक जानवर की मौजूदगी एक पहेली बनी हुई हैं।

### पिंजरे के आसपास कर्मचारी तैनात

फोरेस्ट विभाग के रेंज अधिकारी रजनीश यादव ने बताया कि दत्ताल की सीमा में तेंदुआ टहलने की वीडियो वायरल हुई थी, इसके बाद पगमार्क भी मिले हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए बुस्टिंग स्टेशन के पास पिंजरा रखवाया है जिसे 48 घंटे से अधिक समय बीत गया। अभी तक तेंदुआ पिंजरे की कैद से दूर है और ना ही कोई मूवमेंट देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि पिंजरे को अभी यहीं रखा जाएगा तथा इर्द-गिर्द कर्मचारी भी तैनात रहेंगे।

### मवेशियों को खुले में बांधना मजबूरी

सरपंच जिलेसिंह, हंसराज, बिक्रम सिंह व प्रदीप कुमार ने बताया कि सर्दी खत्म हो चुकी है। अब मवेशियों को मकानों में बांधना संभव नहीं। खुले में बांधने पर तेंदुए के हमले का खतरा बना हुआ है। जिससे चिंतित पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि भेड़-बकरियों को पहाड़ पर चरने के लिए छोड़ दिया जाता है, किंतु ऐसे हालातों में बीते एक महीने से घर पर ही चारे का प्रबंध करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग से ड्रोन कैमरे की मदद से सर्च अभियान चलाने की गुहार लगाई है।

## बचाने गया दोस्त अस्पताल में भर्ती

# पुराने कुएं में डूबने से युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में शराब के नशे में दो युवक कुएं में कूद गए। इसमें एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक बच गया। बताया जा रहा है कि दूसरा युवक पहले को बचाने के लिए कूदा था।

मोहल्ला महल मिश्रवाड़ा में जनस्वास्थ्य विभाग का एक बुस्टिंग स्टेशन गंदे नाले के पास छोटा बड़ा तालाब की ओर बना हुआ है। मंगलवार सुबह करीब दस बजे वहां पर बैठकर कुछ युवा शराब पी रहे थे। इनमें रविदास मंदिर के पास रहने वाला महेश कुमार नामक युवक तथा मोहल्ला मिश्रवाड़ा का सुखीराम नामक युवक शामिल था। शराब पीते-पीते अचानक रविदास मंदिर के पास रहने वाले महेश ने वहां पर बने पुराने कुएं में छलांग लगा दी। इसको देख सुखीराम ने भी उसके पीछे-पीछे छलांग लगा दी। दोनों को छलांग लगाते देख वहां पर बैठे अन्य युवाओं ने देख लिया। जिस पर उन्होंने आसपास के लोगों तथा डायल 112 पर फोन कर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों को कुएं से बाहर निकाला और दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने महेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुखीराम को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।



मृतक महेश

### प्रशासन से मांग : कुएं पर लगे लोहे की जाली

इस घटना के बाद पड़ोस में रहने वाली भाजपा नेत्री मंजू सोनी ने प्रशासन से कुएं पर जाली लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि कुएं के साथ-साथ यहां पर बावड़ी भी है। दोनों में ही लबालब पानी भरा रहता है। इंसान ही नहीं, कोई भी पशु इनमें गिर सकता है।

### पुलिस करे गश्त, यहां शराबियों का जमावड़ा

शनि मंदिर के पूर्व प्रधान शंकरलाल भार्गव ने बताया कि यह जगह शराबियों का ठिकाना बनती जा रही है। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण यह घटना हो गई। ऐसे में यहां पर पुलिस को गश्त करनी चाहिए।

# खाटूश्याम मेला : रेवाड़ी-सीकर ट्रेन चलेगी डहर का बालाजी तक

**महेंद्रगढ़।** खाटूश्याम मेले पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वाया महेंद्रगढ़ होकर रेवाड़ी-सीकर-रेवाड़ी प्रतिदिन संचालित होने वाली रेल सेवा का विस्तार अब डहर का बालाजी स्टेशन तक कर दिया गया है। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को मेले तक पहुंचने में अधिक सुविधा मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी संख्या 54804, रेवाड़ी-डहर का बालाजी रेल सेवा 24 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक कुल 5 ट्रिप संचालित की जाएगी। यह ट्रेन प्रतिदिन रेवाड़ी से 15:10 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 20:50 बजे पहुंचेगी और 21 बजे प्रस्थान कर 23:05 बजे डहर का बालाजी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 54803, डहर का बालाजी-रेवाड़ी रेल सेवा 25 फरवरी 2026 से एक मार्च 2026 तक (5 ट्रिप) संचालित की जाएगी। यह ट्रेन डहर का बालाजी से प्रतिदिन 04:35 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 06:40 बजे पहुंचेगी तथा 07:25 बजे प्रस्थान कर 12:30 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

- **खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं को फायदा, 25 फरवरी से एक मार्च तक लगाएगी 5 ट्रिप**

### बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी

रेलवे अधिकारियों के अनुसार खाटूश्याम मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजस्थान पहुंचते हैं। ऐसे में रेलसेवा के विस्तार से यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और भीड़ प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी। इस विशेष रेलसेवा से हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालुओं को मेले में पहुंचने के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

### श्रीश्याम खाटू के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

**नारनौल।** नारनौल से श्रीश्याम खाटू के लिए रोडवेज बस सेवा मंगलवार से शुरू कर दी गई। इस अवसर पर रोडवेज महाप्रबंधक देवदत्त ने नारियल फोड़कर बस को रवाना किया। बता दें कि महाप्रबंधक देवदत्त निर्देशानुसार खाटू श्याम के श्रद्धालुओं के लिए सुबह 9:15 बजे से नारियल फोड़कर व प्रसाद वितरण करके बस सेवा प्रारंभ कर दी गई है, जो कि 24 से 28 फरवरी तक चलेगी। यह बस बस स्टैंड से निजामपुर, मेहाडा, बसई, नीमकाथाना, खंडेला, पलसाना होते हुए खाटू श्याम मेले के लिए चलाई गई है। नारनौल से खाटू श्याम मेले के लिए 150 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। इस मौके पर मुख्य निरीक्षक सतीश कुमार, मुख्य निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश, कार्य निरीक्षक करतार सिंह, स्टैंड इंचार्ज प्रीतम बागड़ी, हेड क्लर्क ओमपाल, दीवान सिंह, सुरेंद्र वकील, कुलदीप, भूपेंद्र, दिनेश, श्यामसुंदर, मनोज, अरुण आदि मौजूद रहे।

# सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र का किया दौरा

*मरीजों को नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए केंद्र की मदद लेने की सलाह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को विभिन्न स्थानों को दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र, नसीबपुर में स्थित सीनियर सिटीजन होम, पुलिस लाइन में बने सेफ हाउस, सिंघाना रोड पर स्थित श्री माधव नशा मुक्ति केंद्र व बाल भवन नशा मुक्ति केंद्र एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने सबसे पहले नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का दौरा कर मरीजों से बातचीत की।

उन्होंने मरीजों से कहा कि केंद्र के विशेषज्ञ उनकी समस्याओं को हल करने और एक स्वस्थ जीवन जीने में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मरीजों को नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए केंद्र की मदद लेने और एक बेहतर जीवन के लिए प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने नसीबपुर में स्थित सीनियर सिटीजन होम का दौरा कर वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की।



नारनौल। नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो: हरिभूमि

# डीसी ने किया माधोगढ़ किले का निरीक्षण

*बोले...ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटन हब के रूप में किया जा रहा विकसित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार जिले की ऐतिहासिक धरोहर माधोगढ़ के किले का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की योजना महेंद्रगढ़ को पर्यटन के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की है, जिसके तहत माधोगढ़ किले को नारनौल के जल महल, बीरबल का छत्ता और ढोसी की पहाड़ी के साथ जोड़कर एक विशेष पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रानी महल और रानी तालाब के हाल ही में हुए पुनरुद्धार कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने किले के पुनरुद्धार कार्य के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किले तक पहुंचने वाले मार्ग को सुगम बनाया जाए और पर्यटकों की सुरक्षा व मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल का प्रबंध हो। उन्होंने कहा कि इस किले के विकसित होने से न केवल हमारी ऐतिहासिक संस्कृति का संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस मौके पर बीडीपीओ मनोज कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। माधोगढ़ के किले का निरीक्षण करते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

## डीसी की अपील, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आगे आएं पात्र नागरिक

# पंचायत उपचुनाव: जिले में वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल जारी

27 मार्च को होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों को भरने के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए जिले में रिक्त पंच व सरपंच के पदों के लिए वार्ड वार मतदाता सूचियां तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत 19 फरवरी से 28 फरवरी तक विधानसभा मतदाता सूची के आधार पर वार्ड वार ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसका प्रारंभिक प्रकाशन दो मार्च को होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वही व्यक्ति पंचायत मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, जिनका नाम संबंधित गांव की विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज है।

संबंधित गांवों के नागरिक निर्धारित केंद्रों पर जाकर सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं और किसी भी त्रुटि की स्थिति में दावे व आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।


### जिले के इन गांवों में होंगे उपचुनाव



जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न खंडों में रिक्त पदों पर उपचुनाव होने हैं। इसमें खंड अटेली नांगल के तहत ग्राम पंचायत फतेहपुर में सरपंच पद के लिए चुनाव होगा। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न गांवों में पंचों के रिक्त पदों के लिए भी मतदान प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इनमें मुख्य रूप से खंड कनीना के गांव छितरोली वार्ड सात, स्याना का वार्ड 11, कपुरी वार्ड दो, धनौंदा वार्ड चार, भोजावास वार्ड सात, खंड महेंद्रगढ़ के गांव खुडाना वार्ड 3 तीन, खंड नांगल चौधरी के गांव इकबालपुर नंगली वार्ड छह, बूढ़वाल वार्ड तीन, खंड नारनौल के गांव थाना वार्ड सात, खंड निजामपुर के गांव मारोली वार्ड चार, नापला वार्ड तीन, खंड सतनाली के गांव ढाणा वार्ड चार, नंगला वार्ड चार, ढाणी कुमहारान वार्ड पांच शामिल हैं। इन सभी संबंधित गांवों में वार्ड वार मतदाता सूची तैयार करने का कार्य अधिसूचना के अनुसार शुरू कर दिया गया है।

### ये रहेगा मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार वार्ड वार ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार करने का कार्य 19 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद दो मार्च को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का सार्वजनिक प्रकाशन कर दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति नौ मार्च (शाम चार बजे तक) अपने दावे और आपत्तियां संबंधित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका निपटारा 12 मार्च तक किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति इन निर्णयों से संतुष्ट नहीं है, तो वह 16 मार्च तक उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है, जिसका निपटान 19 मार्च तक होगा। आखिर में सभी संशोधनों के बाद 27 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।



## लाइफ Style

# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिसक्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

## टीवी मसाला




# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को




लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

## खबर संक्षेप



### श्रीश्याम भक्तों के लिए मेडिकल सेवा जारी

**मंडी अटेली।** खाटू श्यामजी मेले में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विभिन्न संस्थाओं व भक्तजनों की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप एवं अस्थाई अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अटेली निवासी ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के सानिध्य में अस्पताल की ओर से राजस्थान के कांवट में श्याम जी के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क मेडिकल सेवा निरंतर जारी है। मेडिकल शिविर में प्राथमिक उपचार, निःशुल्क दवाइयों का वितरण, ब्लड प्रेशर व शुगर जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### टीनू छिल्लर ने लाइफ साइंस में जेआरएफ किया क्वालीफाई

**नारनौल।** क्षेत्र के गांव पवेरा निवासी टीनू छिल्लर पत्नी तुषार चौधरी ने लाइफ साइंस विषय में नेट परीक्षा जेआरएफ क्वालीफाई करते हुए 99.94 प्रतिशत अंकों के साथ ऑल इंडिया में 21वीं रैंक हासिल की है।



बता दें कि टीनू ने राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल से बीएससी और कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर से एमएससी (जूलॉजी) की पढ़ाई पूरी की। उनके कठिन परिश्रम और गहन अध्ययन का परिणाम से यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है।

### नमिता मिश्रा ने किया नेट उत्तीर्ण

**महेंद्रगढ़।** शहर के चौक मोहल्ला निवासी नमिता मिश्रा ने सीएसआईआर-नेट जेआरएफ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.596 परसेंटाइल प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 83वीं हासिल की है।



उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। नमिता मिश्रा पुत्री सुनील मिश्रा ने अपनी मेहनत, लगन तथा निरंतर अध्ययन के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। नमिता की इस सफलता पर उनके परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कोर्ट कॉम्प्लेक्स के दायरे में हथियार ले जाने पर पाबंदी

**नारनौल।** जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने भिवानी कोर्ट कॉम्प्लेक्स व उसके आसपास हाल ही में हुई फायरिंग की घटनाओं घटनाओं को मध्य नजर रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के सेक्शन 163 के तहत नारनौल कोर्ट कॉम्प्लेक्स की सीमा के अंदर और उसके 100 मीटर के दायरे में हथियार ले जाने पर पाबंदी लगाई है। ऑथराइज्ड पुलिस व सिक्योरिटी वालों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति के लिए हथियार, गोला बारूद, विस्फोटक पदार्थ, लाठी, कोई भी जानलेवा हथियार ले जाना पूरी तरह से मना है।

## युवा शक्ति समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत



**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान यदुवंशी डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हो गया। इस सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन ग्राम नांगल सिरोही में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता को लेकर एक भव्य रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों में घूमकर लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने जोश और उत्साह के साथ विभिन्न प्रेरणादायक स्लोगन लगाए, जिनमें "स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव", "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ", "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" एवं "स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ" शामिल रहे। रैली उपरांत समापन कार्यक्रम राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच गोकलचंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव 27 से

## दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'स्पंदन-2026' का आगाज 27 फरवरी से होने जा रहा है। आयोजन के पहले दिन नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड (एनएसएबी) के सदस्य, आंध्र प्रदेश सरकार के मानद सलाहकार (कैबिनेट रैंक) और डीआरडीओ के पूर्व चेयरमैन और रक्षा मंत्री के पूर्व साइंटिफिक सलाहकार प्रो. जी. सतीश रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि समापन सत्र में महेन्द्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



महेंद्रगढ़। केंद्रीय विवि का भवन। फोटो: हरिभूमि

दो दिवसीय इस आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि कला संस्कृति का मेल विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनु यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन 2026 में म्यूजिक, डांस, फाइन आर्ट, कविता पाठ, वाद-विवाद, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रो. रेनु ने बताया कि आयोजन में विभिन्न लोक-कलाकारों एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न प्रांतों के विद्यार्थी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

डॉ. आरती यादव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम आदि शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

### संस्कृति का विराट शोभा यात्रा के रूप में करेंगे प्रदर्शन

विश्वविद्यालय के उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने बताया कि 26 फरवरी 2026 की शाम को 5 बजे से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न प्रांतों अथवा भाषा-भाषाई विद्यार्थी अपने प्रांत की संस्कृति का विराट शोभा यात्रा के रूप में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हर साल वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर यह शोभा यात्रा भारत की विराट संस्कृति का परिचय कराती है। इस बार की शोभा यात्रा का ध्येय है 'भारत एक भारतीय एक'। विश्वविद्यालय का छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय विभिन्न कार्यक्रमों का संयोजन कर रहा है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले नगराधीश डॉ. मंगल सेन

# बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराधों के प्रति जागरूक होना जरूरी: डॉ. सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बच्चे समाज के सबसे कोमल व संवेदनशील सदस्य होते हैं। उन्हें सुरक्षित वातावरण देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। किशोर न्याय अधिनियम का उद्देश्य बच्चों का सुधार व पुनर्वास करना है। यह बात नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने मंगलवार को जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से पंचायत भवन में पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम व साइबर क्राइम पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन से संबंधित पोस्टर जारी किया। नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिसने 18 वर्ष पूरे नहीं किए हैं, वह बच्चा है।




नारनौल। चाइल्ड हेल्पलाइन से संबंधित पोस्टर जारी करते नगराधीश डॉ. मंगल सेन।

### लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण

इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य लैंगिक हमला, लैंगिक उत्पीड़न, अश्लील साहित्य के अपराधों से बच्चों की रक्षा करना है तथा ऐसे अपराधों से संबंधित मामलों के निपटान के लिए विशेष न्यायालय की स्थापना करना है।

बच्चों से संबंधित किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 या 112 पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराधों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। सहायक जिला न्यायवादी नवीन श्योरान ने पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम थाना से एसआई इंद्रजीत ने साइबर क्राइम व सामाजिक कार्यकर्ता कमल ने किशोर न्याय अधिनियम के बारे में जागरूक किया। मंच संचालन डॉ. पंकज गौड़ ने किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी विशेश्वर कौशिक, सहायक जिला न्यायवादी रफीक, संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, एलपीओ राजकुमार कोठारी, बाल संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी, बाल संरक्षण अधिकारी सुषमा, लेखाकार प्रेमलता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध एवं निर्धारित दंड

जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप ने बताया कि किसी पीड़ित बालक या देखभाल व आवश्यकता वाले बालक का अखबार समाचार चैनल पर पहचान, नाम, पता व फोटो उजगार नहीं की जा सकती है। ऐसा करने वाले व्यक्ति को छह माह की सजा, एक लाख जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बच्चों के साथ कोई व्यक्ति क्रुरता द्रुव्यवहार उत्पीड़न नहीं कर सकता, किसी संस्था में रहने वाले बच्चों के साथ भी क्रुरता का व्यवहार नहीं किया जा सकता। इस तरह के अपराध के लिए तीन वर्ष की सजा, एक लाख जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा। अगर किसी संस्था के कर्मचारियों की ओर से यह अपराध किया जाता है, तो पांच वर्ष व लाख लाख के जुर्माना से दंडित किया जाएगा। कोई व्यक्ति अधिकृत चिकित्सक के आदेश के बिना सार्वजनिक स्थान या कहीं भी बच्चे को नशीला पदार्थ देता है या दिलवाता है तो इस अपराध के लिए सात वर्ष सजा व एक लाख जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति बच्चों से भीख मंगवाने के लिए उसका प्रयोग करता है या उसके भीख मांगने की स्थिति पैदा करता है, तो इस अपराध के लिए पांच वर्ष तथा एक लाख जुर्माना से दंडित किया जाएगा। बच्चों को अंग भंग करने पर काम से कम सात वर्ष जिसे 10 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

### बच्चों के कल्याण से संबंधित स्पॉन्सरशिप स्कीम

स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत एकल अभिभावक जैसे विधवा महिला, तलाकशुदा महिला, परिवार द्वारा छोड़ी महिला के बच्चे व अनाथ एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित अभिभावकों के बच्चे जो स्कूल में जा रहे हैं, उनको आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।



महेंद्रगढ़। लोककला विरासत उत्सव का द्वीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# नाटक बहुरूपिया की प्रस्तुति ने आम दर्शकों का दिल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी ग्रुप के प्रेक्षागृह में चल रहे विरासत कला उत्सव के दूसरे दिन पारसी थियेटर पर आधारित बहुरूपिया नाटक के मंचन के समापन पर उपस्थित सैंकड़ों दर्शकों ने खड़े होकर इस अद्भुत प्रस्तुति का अभिनंदन किया। स्मरण रहे कि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज व यदुवंशी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विरासत लोककला उत्सव के दूसरे दिन 'वर्ग रंगमण्डल' प्रयागराज इलाहाबाद के नाटक बहुरूपिया की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। नगरपालिका की वाइस चेयरपर्सन व राष्ट्रपति अवार्डी मंजू कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने की। मुख्य अतिथि मंजू कौशिक एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में इस उत्सव की गरिमा बढ़ाने के लिए उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज का धन्यवाद किया। मंजू कौशिक ने कहा कि नाटक प्रस्तुति की सबसे बड़ी खूबसूरती यह रही कि बहुरूपिया नाटक की टीम में सभी धर्म, भाषा व क्षेत्र के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से अखण्ड भारत का संदेश दिया।

### आज रहेगी लोकनृत्यों की बहार

बुधवार को लोक विरासत के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रदेशों के लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे। इस लोकनृत्य उत्सव में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश एवं अन्य प्रदेशों की महिला व पुरूष लोक कलाकार अपने लोकनृत्य से विलुप्त हो रही लोककला का प्रदर्शन करेंगे।

## सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को किया सम्मानित



नारनौल। कृष्ण कुमार का सम्मान करते नेताजी अतरलाल व गणमान्यजन।

**नारनौल।** हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार का पैतृक गांव सेहलंग में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट के नेतृत्व में इलाके के गणमान्यों ने कृष्ण कुमार को साफा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता होशियार सिंह चेयरमैन ने की। अतरलाल ने कहा कि पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार ने पहले भारतीय सेना में सराहनीय सेवाएं दी। ग्रामीणों ने उनके सम्मान में समारोह आयोजित कर प्रेरक कार्य किया है। सरपंच विनीत कुमार, होशियार सिंह चेयरमैन, रगबीर सिंह मुकदम, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, ओमप्रकाश पीटीआई, सतीश यादव, डॉ. कर्णसिंह, कृष्ण पंच, नवीन जांगड़ा, कैलाश सेठ, दानसिंह प्रजापत, रामबीर पंच ने भी कृष्ण कुमार की सेवाओं की सराहना करते हुए युवाओं से उनके आदर्श जीवन से सबक लेने की अपील की।

# ओलंपियाड में सीएल स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्राओं को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलंपियाड की ओर से आयोजित विभिन्न विषयों की ओलंपियाड प्रतियोगिता में हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्राओं को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए।

अंग्रेजी विषय में गोल्ड मेडल के साथ नकद राशि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तन्वी गुप्ता व पुनित रहे। इसके साथ अंग्रेजी विषय में अवनी सैनी, अनाया सैनी, हर्षिका, जीया व भव्या ने गोल्ड प्राप्त किया। साइंस विषय में अवी यादव, अकक्षांश व माही यादव ने गोल्ड प्राप्त किया। गणित विषय में देव, सक्षम, दिगवी, हर्ष व हर्ष शर्मा ने गोल्ड प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग कम्पटीशन का युग है। इस युग में वही सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, जो प्राथमिक स्तर से ही अध्ययनरत रहता हैं।

इस अवसर पर प्राचार्य रवीन्द्र सिंह, मुख्याध्यापिका मोनिका कौशल ने भी बच्चों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




नारनौल। सफलता प्राप्त करने वाले सीएल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## भोजावास स्थित मॉडर्न विद्यालय में हुआ समारोह

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के विजेताओं को किया सम्मानित




**महेंद्रगढ़।** भोजावास स्थित मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने 14 गोल्ड मेडल, 15 सिल्वर मेडल व 12 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल व ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संस्था के निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य मनोज कुमार, नवीन कुमार, संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार, उप-प्राचार्य शकुन्त शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राम सिंह तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के निदेशक हवासिंह यादव ने बताया कि हमारे विद्यालय में सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल, स्पोर्ट्स स्कूल राई, जवाहर नवोदय विद्यालय, ओलंपियाड, एनडीए, सीए फाउंडेशन, जेईई-मेन, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती हैं।

## सजे-धजे दरबार में विराजमान खाटू श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# निजामपुर क्षेत्र में श्याम नाम और समर्पण का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

खाटूवाले श्याम बाबा के मेले के मद्देनजर समू क्षेत्र श्याम रंग में रंगा हुआ नजर आता है। सवेरे निजामपुर क्षेत्र के वातावरण में गूंज रहे भजन 'श्याम तेरे प्रीत लगाई रे' की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। सजे-धजे दरबार में विराजमान खाटू श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दरबार की भव्य सजावट और श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। एक ओर बाबा का आकर्षक श्रृंगार भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहा था, तो दूसरी ओर श्याम भक्त पैदल यात्रियों की सेवा में पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हुए थे। शिविर में पैदल यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल, फल और स्वादिष्ट भोजन की विशेष व्यवस्था की गई। सेवा में लगे श्रद्धालु प्रेमपूर्वक यात्रियों को जलपान करवा रहे थे और उनके मंगल भविष्य की कामना कर रहे थे। महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग स्नानगृह और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था भी सराहनीय रही। कुछ सेवक यात्रियों के चरण दबाते दिखाई दिए तो कुछ श्रद्धा भाव से नतमस्तक होकर सेवा में लीन रहे। यह मानो कलियुग में साक्षात भक्ति और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। डीजे पर जैसे ही "बाबा झोली भर-भर बाटे सै" और "मेरे हाथों में निशान, खाटू श्याम चालिए" जैसे भजनों की धुन गूंजी, हाथों में निशान लिए भक्तों की टोलियां जयकारों के साथ आगे बढ़ने लगीं।





नारनौल। श्याम दरबार में झांकी प्रस्तुत करता कलाकार व शिविर में आराम फरमाते पैदल यात्री। फोटो: हरिभूमि

### बाबा श्याम के सात भव्य दरबार सजे

बता दें कि वर्तमान में गांव छिलरो से निजामपुर कस्बे के मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर बाबा श्याम के सात भव्य दरबार सजे हैं। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध शाकाहार भोजन, स्वच्छ पेयजल और फलों की विशेष व्यवस्था की गई है। स्थानीय दुकानदार और व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठान छोड़ सेवा कार्य में जुटे नजर आए। अंत में एक बुजुर्ग श्रद्धालु के शब्दों ने पूरे शिविर की भावना को व्यक्त कर दिया, "आज मेरी गाड़ी अड़ री सै, कभी तेरी भी अड़ै ज्या गी।" मधुर भजन, निस्वार्थ सेवा और सामूहिक श्रद्धा का यह संगम "श्याम शिविर" को एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बना गया।

### हैप्पी स्कूल की शिक्षिका तनीषा ने रचा इतिहास

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पीजीटी केमिस्ट्री विषय की अध्यापिका तनीषा यादव ने नेट जेआरएफ परीक्षा–2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 7वां रैंक प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है।



यह प्रतिष्ठित परीक्षा हर वर्ष राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा दिसंबर, 2025 में आयोजित की गई थी। तनीषा यादव ने केमिकल साइंस विषय में नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वह राकेश यादव रिवासा की पुत्रवधू एवं राजेश कुमार की पुत्री हैं। विद्यालय के संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने तनीषा यादव को इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



### सरस्वती स्कूल में हुआ गायत्री मंत्र पुरश्चरण कार्यक्रम

**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मुकेश शर्मा व प्राचार्या क्षमा पाण्डेय की अध्यक्षता में गायत्री मंत्र पुरश्चरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता जगराम आर्य ने बताया कि प्रतिदिन दोनों समय प्रातः एवं सायंकाल निश्चित समय व निश्चित स्थान पर आसन लगाकर योगी की भांति अर्थपूर्वक ध्यान के साथ गायत्रीमंत्र के साथ जप करने से मेधा बुद्धि की प्राप्ति होती है। प्राचार्या क्षमा पाण्डेय ने आर्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यार्थियों शरीर को स्वस्थ रखने के लिए समय पर उठकर व्यायाम करना, गायत्री मंत्र का जप करना, माता, पिता व गुरुजनों का सम्मान किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै रूमा देवी पत्नी राजकुमार वासी मोहल्ला पुरानी मण्डी, वार्ड नं. 15, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे ससुर केसर सिंह पुत्र जयनारायण का देहान्त 20.10.1996 को हो चुका है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. रामरती देवी पत्नी 2. राजकुमार पुत्र 3. देवेंद्र पुत्र। इनके अलावा उनके ओर कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में अपना एतराज दर्ज करवाएं। उक्त शपथपत्र पूर्णतया सत्य है। इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

## खबर संक्षेप



### डिवॉर्मिंग-कम-हेल्थ कैंप का आयोजन

**नारनौल।** पशुपालन विभाग द्वारा बास किरारोद उमराबाद की ढाणी में एक दिवसीय डिवॉर्मिंग-कम-हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मोबाइल वेटरनरी एम्बुलेंस 1962 ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर सरकारी पशु चिकित्सालय मण्डलाना की पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपिका कटारिया ने किसानों को विभागीय योजनाओं और पशुओं की विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने वाली पशुओं में थनेला रोग के नियंत्रण के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर मोबाइल वेटरनरी एम्बुलेंस नारनौल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित ने किसानों को आपातकालीन समय में एम्बुलेंस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कैंप में कुल 73 किसानों ने भाग लिया और 130 पशुओं का उपचार किया गया।

### महेंद्रगढ़ की बहू सपना ने पाई 31वीं रैंक

**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़ की बहू एवं भालखी गांव की बेटी सपना ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) विषय में ऑल इंडिया रैंक 31 प्राप्त की है। सपना के पिता हवासिंह आर्मी में सूबेदार मेजर हैं और वह सेहलंग निवासी लेक्चरर सुरेश कुमार की पुत्रवधू हैं। वर्तमान में वह महेंद्रगढ़ की मास्टर कॉलोनी में रहती हैं। सपना ने अपनी इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं अपने सास-ससुर को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकी हैं। इस उपलब्धि पर कॉलोनीवासियों दिलावर सिंह, राकेश कुमार, सुनील कुमार, सत्यवीर, पुष्पा देवी, महेंद्र कुमार, वेदपाल शास्त्री, प्रताप शास्त्री, प्राचार्य शुक्रम पाल, प्राचार्य सुनील गोरा आदि शुभकामनाएं दी हैं।



### डेरोली अहीर में रोजगार मेले का आयोजन

**मंडी अटेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जेबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम, आईएमटी बावल ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में वर्ष 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें जेबीएम कंपनी के एचआर मथुराज ने नौ विद्यार्थियों का चयन किया। रोजगार मेले के दौरान संस्थान के जेएपीओ प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि मुख्य उद्देश्य बच्चों को उच्च प्रशिक्षण व रोजगार दिलाना है। जिसके लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं जा सके। इस मौके पर संस्थान इंचार्ज राकेश कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, सुरेंद्र, नवीन कुमार मौजूद रहे।

### जागरूकता व संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** कृष्णा कॉलोनी में जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख अध्ययन केंद्र के सहयोग से पाकिस्तान एवं चीन अधिकृत जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के क्षेत्रों के विषय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को ऐतिहासिक एवं संवैधानिक तथ्यों से अवगत कराना तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शोभित ने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर एवं चीन अधिकृत लद्दाख से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी 1994 को भारत की संसद ने प्रस्ताव पारित कर पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के क्षेत्रों को भारत का अभिन्न अंग घोषित किया था तथा इन क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने का राष्ट्रीय संकल्प लिया गया था। इस अवसर पर कृष्णा कॉलोनी के महिला एवं पुरुष नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# ग्रामीण बोले..चार अतिक्रमणकारियों को दिया नोटिस, दो का हटाया और दो घरों को छोड़ा

- रघुनाथपुरा में हटाया अतिक्रमण भेदभाव के लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रघुनाथपुरा गांव में मंगलवार को प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, लेकिन कार्रवाई के बाद गांव में विवाद की स्थिति बन गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों के कब्जे हटाए गए, जबकि अन्य को छोड़ दिया गया, जिससे लोगों में रोष है।





नारनौल। रघुनाथपुरा गांव में प्रशासन की ओर से हटाया गया अतिक्रमण व प्रशासन की ओर से नोटिस के बाद भी नहीं हटाया गया अतिक्रमण। फोटो: हरिभूमि

जानकारी के अनुसार बीडीपीओ रेणु यादव, महावीर चौकी इंचार्ज, पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिस टीम की मौजूदगी में कार्रवाई की गई।

गांव में रास्ते के निर्माण कार्य के दौरान चार परिवारों को पंचायत की ओर से पहले नोटिस जारी किया गया था। शिकायत के आधार पर मंगलवार को मौके पर पहुंची टीम ने दो लोगों के निर्माण व जाली को हटवा दिया, जबकि दो अन्य के कब्जे नहीं हटाए गए।

### क्या कहते हैं शिकायतकर्ता

शिकायतकर्ता सुरेंद्र व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की है। उनका आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि व अधिकारियों की मिलीभगत के कारण कुछ लोगों को राहत दे दी गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सभी कब्जे नहीं हटाए गए तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। फिलहाल गांव में इस कार्रवाई को लेकर असंतोष का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि रास्ते का निर्माण कार्य बिना विवाद के पूरा हो सके।

### ग्रामीणों ने लगाया भेदभाव का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान चार परिवारों को नोटिस जारी किए गए। जिनमें रोहताश, देवेंद्र, महेंद्र, सुरेंद्र शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान केवल चुनिंदा लोगों को निशाना बनाया गया, जबकि अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई करते समय समान स्थिति वाले अन्य मकानों को नजरअंदाज किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन को सभी पक्षों को साथ लेकर समाधान निकालना चाहिए, ताकि गांव में भाईचारा बना रहे और किसी के साथ अन्याय न हो।

### क्या कहते हैं सरपंच

इस मामले में जब सरपंच प्रतिनिधि मोहर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने आरोपों से इनकार किया। उनका कहना था कि जिन दो लोगों का कब्जा नहीं हटाया गया, उन्होंने बीडीपीओ से समय की मांग की थी। प्रशासन को आश्वासन दिया गया है कि उनका अतिक्रमण भी जल्द हटाया जाएगा।


## इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की टीम पहुंची पीजी कॉलेज

# नए कोर्सेज की तलाश में पीजी कॉलेज का यूनिवर्सिटी टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की टीम ने नए कोर्सेज की निरंतरता हेतु निरीक्षण किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह ने बताया कि जिले के का सबसे बड़े व पुराने महाविद्यालय में 16 विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री, साथ ही कला, साइंस, कामर्स के साथ मैनेजमेंट व कम्प्यूटर साइंस संकायों में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों का पीजी डिप्लोमा कोर्स चल रहे हैं। जिन्हें इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की ओर से परमानेंट एफीलिएशन प्राप्त है।

हाल ही में महाविद्यालय में इतिहास, संस्कृत व राजनीतिक विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री के नवीन कोर्सेज हरियाणा सरकार एवं उच्चतर शिक्षा आयुक्त पंचकूला की ओर से शुरू किए गए थे। इन विषयों की निरंतरता व परमानेंट एफीलिएशन हेतु इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के वाइस चांसलर द्वारा गठित टीम ने निरीक्षण किया। जिसमें प्रोफेसर एवं डीन ऑफ कॉलेज डॉ. दीपक गुप्ता संयोजक, प्रोफेसर एवं चेयरपर्सन भौतिक विज्ञान डॉ. सुनील कुमार, प्रोफेसर डॉ. अविनाश आर्य, प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार शामिल थे। इस मौके पर प्रो डॉ. हवासिंह, प्रो. डॉ. सतीश सैनी, डॉ. अनिष कुमार, डॉ. जयपाल, डॉ. सोनू जागलान, डॉ. विजय दीप गौड़, डॉ. प्रवीण गौरिया, डॉ. अमित कुमार आदि मौजूद थे।



नारनौल। पीजी कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंची टीम। फोटो: हरिभूमि

### सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच की

महाविद्यालय से संयोजक सिनियर प्रोफेसर डॉ. नरेश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम ने तीनों विषयों से सम्बंधित डिपार्टमेंट, सभी जरूरी जानकारियां, कागजातों व दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया, जो संतोषजनक पाया गया। विश्वविद्यालय टीम के संयोजक प्रोफेसर डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से परमानेंट एफीलिएशन के लिए सभी जरूरी दस्तावेज व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को मद्देनजर टीम ने जांच की। जिसकी रिपोर्ट जल्द ही आवश्यक कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को भेज दी जाएगी। प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. चंद्रमोहन, महाविद्यालय कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया की अगुवाई में निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह के साथ कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया।



महेंद्रगढ़। सोहला में नशा मुक्ति अभियान चलाती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

# सोहला में पुलिस ने चलाया डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीम ने थाना सतनाली के अंतर्गत आने वाले गांव सोहला का दौरा किया। गांव के पंचायत भवन में आयोजित इस जन-संवाद कार्यक्रम में सभी वर्गों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान टीम ने उपस्थित लोगों को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से युवा वर्ग को लक्षित करते हुए उन्हें नशे के दलदल से बचने के लिए प्रेरित किया गया। उप-निरीक्षक सुरेन्द्र और उनकी टीम ने बताया कि नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों को पुलिस मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास कर रही है, जो भी नशा पीड़ित व्यक्ति इस बुरी लत को छोड़ना चाहता है, पुलिस उसके पुनर्वास में हर संभव मदद करेगी।

इसके साथ ही, लोगों को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 की भी विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला, ताकि आम नागरिक नए कानूनों के प्रति जागरूक हो सकें। इस अवसर पर गांव के सरपंच सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अटेली नपा की मेंबर समिति का गठन



मंडी अटेली। बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन संजय गोयल। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली नगर पालिका की वार्ड मेंबर कमेटी गठन व वित्तीय कमेटी की बैठक चेयरमैन संजय गोयल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वार्ड मेंबर गठन के अलावा अटेली के लिए विकास कार्यो में खर्च हुई राशि का ब्यौरा दिया गया। बैठक में वार्ड तीन से स्नेहलता, अशोक जांगिड़ नहीं पहुंचे। इस अवसर पर वार्ड में साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, नाली सहित दूसरे मामलों को लेकर विचार विमर्श किया गया। चेयरमैन संजय गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से विकास कार्यों में भागीदारी व वार्ड सदस्यों की कमेटी के गठन से पार्षद सदस्यों के अलावा दूसरे लोग के आगे आने से पारदर्शिता बढ़ेगी। वार्ड एक से पार्षद शर्मिला देवी ने साफ सफाई ठीक से नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। चेयरमैन संजय गोयल ने सफाई इंचार्ज को सख्त निर्देश देकर सभी वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कहा। वही वार्ड तीन की पार्षद प्रेमलता ने चंपा देवी स्कूल के समीप बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे लगे होने का मुद्दा उठाया। वाइस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़, पार्षद अंशुल गोयल, मनफुल ने अपने वार्ड के मसलों को प्रमुखता से रखा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पार्षद अनिल गुप्ता, राकेश सैनी, मनीष वाल्मीकि, मुकेश कुमार, मनोनीत पार्षद धर्मेंद्र शर्मा, परमेश्वर दयाल आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन यादव धर्मशाला में सवेरा स्वयंसेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोफेसर कविता ने किया। एनएसएस अधिकारी डॉ. सतीश ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि डॉक्टर मनोज गौतम नेशनल और स्टेट लेबर पर बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं और उनका काफी अवार्ड भी मिले हैं। डॉ. सतीश ने बताया कि पांचवें दिन सुबह के सत्र में वॉलिंटियर्स ने बाबा मुकुंद दास गोशाला में सेवा के कार्य किया। शाम के सत्र में डॉ मनोज गौतम के उद्बोधन ने बच्चों में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। उन्होंने कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स की उपलब्धियां और सेवा कार्यों पर भी प्रकाश डाला। वॉलिंटियर्स ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

# महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों के संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर डीसी ने जिले में नियुक्त किए नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों व हरियाणा सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (पोस) अधिनियम 2013 के तहत जिले के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। इन अधिकारियों का मुख्य दायित्व कार्यस्थलों पर होने वाली शिकायतों को प्राप्त करना और उन्हें समयबद्ध तरीके से स्थानीय समिति तक पहुंचाना होगा। आदेशों में जिलाधीश ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकारों के संरक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्र में ये होंगे नोडल अधिकारी

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपायुक्त ने खंड स्तर पर नियुक्तियां की हैं। इसके तहत नारनौल, निजामपुर, नांगल चौधरी, अटेली, सिहमा, कनीना, महेंद्रगढ़ और सतनाली के संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों (बीडीपीओ) को अपने अपने ब्लॉक का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली शिकायतों के लिए उत्तरदायी होंगे।

### यह होंगे शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी

शहरी क्षेत्रों और नगर निकायों के लिए अलग से जिम्मेदारी तय की गई है। नगर परिषद नारनौल के लिए कार्यकारी अधिकारी (ईओ) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं नगर पालिका महेंद्रगढ़, नगर पालिका कनीना, नगर पालिका अटेली व नगर पालिका नांगल चौधरी के लिए संबंधित सचिव नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। डीसी ने सख्त हिदायत दी है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी को माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी में चल रहे मामले की अवमानना माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने आंतरिक शिकायत समितियों के गठन का सर्वे कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने डीआईओ नारनौल को शी बॉक्स पोर्टल और जिला वेबसाइट पर सभी नोडल अधिकारियों का विवरण अपडेट करने के आदेश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी का गठन तथा सी बॉक्स पोर्टल पर आईसीसी डिटेल अपलोड करने के लिए श्रम आयुक्त नारनौल स्थित रेवाड़ी का सहयोग करेंगी।

## दिल्ली प्रगति मैदान में आरोग्य उत्सव व महोत्सव में जिले की अद्वितीय भागीदारी

# डेरोली जाट की ऋषिपाल संस्था को दिल्ली प्रगति मैदान में स्टॉल आवंटित, औषधीय पौधों से करवाया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एकीकृत आयुष परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 23 फरवरी तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आरोग्य उत्सव एवं महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया।

तीन दिवसीय इस महोत्सव में देशभर से अनेक आयुष संस्थानों ने भाग लिया, लेकिन दक्षिणी हरियाणा के लिए यह विशेष गर्व का क्षण रहा कि जिला महेंद्रगढ़ के डेरोली जाट गांव की संस्था ऋषि हर्बल आयुर्वेदा को एमएसएमई की ओर से स्टॉल आवंटित किया गया। यह पूरे महेंद्रगढ़ जिले के लिए एकमात्र स्टॉल रहा।

संस्था के प्रमुख वैद्य ऋषिपाल ने बताया कि संस्था किसानों से औषधीय पौधों जैसे आंवला, एलोवेरा, नीम गुठली, जामुन गुठली व गरमुंडा आदि खरीदकर शुद्ध जड़ी-बूटियों से ही औषधि निर्मित करती है। संस्था का दावा है कि अब तक हजारों मरीज उनकी तैयार औषधियों से शुगर, पथरी, पाइल्स जैसी बीमारियों से आराम पा चुके हैं।



नारनौल। वैद्य ऋषिपाल की स्टॉल का निरीक्षण करते आचार्य बालकृष्ण।

### सम्मान व गौरव का क्षण

समापन अवसर पर आयुष मंत्रालय व एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं आयुर्वेद जगत के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने वैद्य ऋषिपाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस समारोह में आयुष परिषद के सेक्रेटरी डॉ. विपिन कुमार, आईसीएमआर व एआईआईएमएस की डॉ. निता कुमार, पतंजलि योगपीठ के वैद्य आचार्य बालकृष्ण, अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु डॉ. एचआर नागेंद्र, डॉ. शिष्टा नड्डा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दक्षिण हरियाणा की उपलब्धि

इस सम्मान ने न केवल डेरोली जाट गांव बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। औषधीय खेती को बढ़ावा देने में जुटे स्थानीय किसानों व संस्था ऋषि हर्बल आयुर्वेदा की यह उपलब्धि ग्रामीण भारत की आयुर्वेदिक क्षमता का सशक्त उदाहरण बनी। बाजरा, जवार, ग्वार, कपास की खेती के साथ-साथ किसान पुराने समय में तुंबा फल की बेल को उखाड़ कर फेंक देते थे, लेकिन जब से संस्थान ने खरीदना स्टार्ट किया है, तो किसानों की आमदनी भी बढ़ी है। इस मौके पर ऋषि हर्बल आयुर्वेदा की टीम साहिल, सुबेसिंह, महिपाल, विनोद आदि मौजूद रहे।

# समाज के सर्वांगीण विकास के लिए पंच परिवर्तन अपनाने का किया आह्वान

- भगत सिंह बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर की भगत सिंह बस्ती स्थित श्री कड़ियावाला हनुमान मंदिर में मंगलवार को भव्य एवं प्रेरणादायक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व क्षेत्र में दो भव्य ध्वज यात्राएं निकाली गई, जिनमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पहली ध्वज यात्रा ग्राम ढाणी कोजिंदा से निकाली गई, जिसमें 400 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में हाथों में भगवा ध्वज लेकर अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में सहभागिता की। दूसरी ध्वज यात्रा बहरोड़ रोड स्थित अंडरपास के निकट क्षेत्र से प्रारंभ हुई, जिसमें 400 से अधिक पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। दोनों यात्राएं नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री कड़ियावाला हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक संजीव रहे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उत्पत्ति, उद्देश्य व 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए पंच परिवर्तन अपनाने का आह्वान किया, जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली शामिल हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर एक सशक्त, संगठित एवं संस्कारित समाज का निर्माण करें। महंत अमरदास ने सनातन धर्म की उत्पत्ति, उसकी महत्ता एवं भारतीय संस्कृति में उसके योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि सनातन धर्म मानवता, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम है।



नारनौल। हिंदू सम्मेलन में मौजूद आमजन। फोटो: हरिभूमि